प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

सत्र–2025–26

समाजशास्त्र

कक्षा 12

संकेतांक–340

विषय कोड–142

समय–3 घटें 15 मिनट पूर्णांक–100

**निर्देशः– प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।**

**नोटः–** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक दीर्घ उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्रश्न 1–10 तक (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)**

1–राष्ट्रवाद के उदय का प्रमुख कारण है– 1

(a) जातिवाद
(b) सम्प्रदायवाद
(c) उपनिवेशवाद
(d) समाजवाद

2–निम्न में कौन जनजाति की विशेषता नहीं है– 1

(a) सामान्य नाम
(b) भाषा
(c)निश्चित भौगोलिक क्षेत्र
(d) जजमानी व्यवस्था

3–महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव को आप अपने स्तर से कैसे कम कर सकते/सकती है। 1

(a) कानून लागू करके
(b) संविधान संशोधन करके
(c) लोगों को जागरूक करके

(d) जेल भेज कर

4–सूचनाधिकार अधिनियम कब पारित हुआ– 1

(a) सन् 2000

(b) सन् 2005

(c) सन् 2010

(d) सन् 2015

5– निम्न में से कौन सा नगरीकरण का प्रभाव नहीं है– 1

(a)संबंधों की औपचारिकता

(b)प्राथमिक संबंधों की प्रधानता

(c)एकाकी परिवारों में वृद्धि

(d) सामाजिक विजातीयता

6–भारत में सामाजिक संरचनात्मक परिवर्तनों का प्रमुख कारण है– 1

(a) ब्राह्णवाद

(b) जातिवाद

(c) उपनिवेशवाद

(d) सम्प्रदायवाद

7–यदि आप एक राजनीतिक दल के सदस्य होते, तो आपके प्रमुख कार्य क्या होते– 1

(a) जनमत का निर्माण करते

(b) जनता के साथ बातचीत

(c) सरकार की नीतियों का प्रचार–प्रसार

(d) उपरोक्त सभी

8–यदि आप एक कृषक होते, तो अपनी आय बढ़ाने हेतु निम्न में क्या प्रयास करते– 1

(a)उन्नत बीजों, खाद सिचाई के नई साधनों का चयन

(b) देशी बीजों, खाद सिचाई के परम्परागत साधनों का चयन

(c) कृषि के परम्परागत साधनों का चयन

(d) गैर–नकदी फसलों का चयन

9– भूमंडलीयकरण की प्रक्रिया निम्न में से किससे अन्तः सम्बन्धित है। 1

(a) वैश्विक बाजार

(b) तकनीकी ंव प्रौद्योगिकी

(c) भाषा एवं संस्कृति

(d) उपरोक्त सभी

10–'खरीददारी को समय व्यतीत करने का साधन'––––– माना जाता है– 1

(a) साप्ताहिक बाजार में

(b) शॉपिंग मॉल में

(c उपभोग में

(d उपरोक्त में से कोई नही

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न—शब्द सीमाः 25)

प्रश्न 11—20 तक (प्रत्येक प्रश्न 3 अंक)

11—राष्ट्रवाद क्या हैं? राष्ट्रवाद के उदय के दो कारण लिखिए। 1+1+1

12—धर्मनिरपेक्षता का अर्थ लिखिए। 'धर्मनिरपेक्षता राष्ट्र निर्माण में सहायक है', इसके पक्ष में दो तर्क लिखिए। 1+1+1

13—औद्योगीकरण क्या है? औद्योगीकरण के भारतीय समाज पर पड़ने वाले दो प्रभाव लिखिए। 1+1+1

14—भारत में भूमि सुधार क्या है? ग्रामीण समाज में भूमि सुधार से होने वाले दो परिवर्तन लिखिए। 1+1+1

15—उदारीकरण का अर्थ बताइए, उदारीकरण के ग्रामीण समाज पर पड़ने वाले दो प्रभाव लिखिए। 1+1+1

16—मजदूर संघ क्या है? हड़ताल और तालाबंदी में दो अंतर लिखिए। 1+1+1

17—भूमंडलीकरण का अर्थ लिखिए। भूमंडलीयकरण के दो आयाम लिखिए। 1+1+1

18—कार्यावस्था क्या है? लोगों के काम पाने के दो तरीके लिखिए। 1+1+1

19—जनसंचार क्या है? वर्तमान में जनसंचार के दो साधन लिखिए। 1+1+1

20—मास मिडिया क्या है? आप अपने दैनिक जीवन में मास मिडिया का उपयोग कैसे करते है, दो उदाहरण लिखिए। 1+1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमा 50)

प्रश्न 21—26 तक (प्रत्येक प्रश्न 6 अंक)

21—जनसांख्यिकी क्या है? जनसंख्या सम्बन्धी किन्ही दो सिद्धांतों का संक्षिप्त परिचय दीजिये। 2+2+2

22—बाजार क्या है? बाजार के चार प्रकार लिखिए। 2+1+1+1+1

23—'क्षेत्रवाद' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। क्षेत्रवाद से उत्पन्न चार समस्याओं को लिखिए। 2+1+1+1+1

24—सामाजिक विषमता का अर्थ लिखिए। सामाजिक विषमता के चार आधार बताइए। 2+1+1+1+1

25—सामाजिक परिवर्तन का अर्थ बताइए। भारत में पश्चिमीकरण के चार प्रभाव लिखिए। 2+1+1+1+1

26–पंचायती राज व्यवस्था की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। पंचायती राज के भारतीय समाज पर पड़ने वाले चार प्रभाव लिखिए। 2+1+1+1+1

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमाः 150)**

**प्रश्न 27–29 तक (प्रत्येक प्रश्न 8 अंक)**

27–जाति व्यवस्था का अर्थ एवं परिभाषा लिखिए। भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की दो विशेषताओं का उल्लेख करते हुये इनमें आये किन्ही दो परिवर्तनों को लिखिए। 2+2+2+2

अथवा

परिवार का अर्थ एवं परिभाषा लिखिए। भारतीय समाज में परिवार के दो प्रकारों का उल्लेख करते हुये इनमें आये किन्ही दो परिवर्तनों को लिखिए। 2+2+2+2

28–परियोजना कार्य क्या है? इसके दो उपद्देश्य लिखिए तथा परियोजना कार्य के दो गुण व दो दोष का उल्लेख कीजिए। 2+2+2+2

अथवा

साक्षात्कार का अर्थ एवं परिभाषा लिखिए। साक्षात्कार प्रविधि के दो गुण व दो दोष लिखिए। 2+2+2+2

29–जाति आधारित आंदोलन का परिचयय दीजिए। इसके दो मुख्य प्रकार बताइए तथा इसके दो सकारात्मक एवं दो नकारात्मक परिणाम लिखिए। 2+2+2+2

अथवा

पर्यावरणीय आंदोलन का परिचय दीजिए। इसके दो मुख्य प्रकार बताइए तथा इसके दो सकारात्मक एवं दो नकारात्मक परिणाम लिखिए। 2+2+2+2